हिन्दी दैनिक

RNI- BIHHIN/2012/43368

# नव शक्ति

www.navshaktinews.in

navshakti newspaper patna

वर्ष : 13, अंक : 61 | पटना, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : दो रुपये

# नरेन्द्र मोदी सरकार ने आदिवासियों के सम्मान, सुरक्षा और विकास के लिए काम किया है : अमित शाह

दिल्ली (नवशक्ति)

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज सोमवार को त्रिपुरा के अगरतला में जनसभा को संबोधित किया तथा प्रदेश की जनता से प्रदेश की सभी की सभी लोक सभा सीटों पर प्रचंड बहुमत से भाजपा को विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीब भट्टाचार्य, पूर्व मुख्यमंत्री व पश्चिम त्रिपुरा से लोक सभा प्रत्याशी श्री बिप्लब कुमार देब, पूर्वी त्रिपुरा से भाजपा प्रत्याशी महारानी कृति सिंह देबबर्मा, राज्यमंत्री श्री टिंकू रॉय सहित अन्य पदाधिकारीगण मंच पर उपस्थित रहे। संबोधन के दौरान श्री शाह ने त्रिपुरा में कांग्रेस और कम्युनिस्ट सरकारों पर तीखा प्रहार करते हुए भाजपा शासन में हुए जनकल्याणकारी और विकासकार्यों का विस्तार से उल्लेख किया।

श्री शाह ने अपनी 2017 की त्रिपुरा रैली का स्मरण करते हुए कहा कि यहीं से त्रिपुरा को कम्युनिस्टों से मुक्त कराने की शुरूआत की गई थी। त्रिपुरा की जनता ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी पर भरोसा करके विकास का एक नया रास्ता चुना है। कम्युनिस्टों ने महाराजा वीर विक्रम माणिक्य किशोर जी को भुलाने का कार्य किया जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने त्रिपुरा के एयरपोर्ट को महाराजा वीर विक्रम माणिक्य किशोर जी का नाम देकर और उनकी प्रतिमा स्थापित करके उनको सम्मान देने का कार्य किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बेनीचंद्र जमातिया और सत्यराम रियांग को पद्म



पुरस्कार देकर आदिवासियों के सम्मान को बढ़ाया है। भाजपा सरकार ने आदिवासियों के सम्मान, सुरक्षा और समावेशी विकास के लिए देश भर में विकास कार्य किए हैं। कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने वर्षों तक शासन किया लेकिन किसी भी आदिवासी को देश का राष्ट्रपति नहीं बनाया, आजादी के 75 वर्षों बाद पहली बार आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओडिशा की गरीब बेटी को देश का राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों का सम्मान बढ़ाया है। करोड़ों रुपये खर्च करके सरकार देशभर में आदिवासी पूर्वजों के सम्मान में संग्रहालय बना रही है। सभी संग्रहालयों में राजा वीर विक्रम माणिक्य किशोर जी की प्रतिमा को भी स्थान दिया जाएगा।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले जनजातीय मंत्रालय का बजट सिर्फ 24 हजार करोड़ का था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ का कर दिया है। देश में 70 वर्षों में सिर्फ 90 एकलव्य मॉडल स्कूलों का निर्माण हुआ था लेकिन यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में 740 एकलव्य स्कूलों को बनाने का कार्य किया गया है। त्रिपुरा पहले बिप्लव देव और अब मानिक साहा के नेतृत्व में विकास के रास्ते पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। टूरिज्म, कनेक्टिविटी, एयर कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य, नौकरियां और आधारभूत संरचना जैसे सभी क्षेत्रों में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्राथमिकता में त्रिपुरा राज्य है और त्रिपुरा में भी उनकी विशेष प्राथमिकता आदिवासी इलाके को लेकर है। श्री शाह ने कहा कि भारत सरकार, राज्य सरकार और टिपरा मोथा ने मिलकर एक समझौता किया है जिसमें त्रिपुरा के लोगों की सभी समस्याओं का समाधान निहित है। त्रिपुरा की जाति और जनजाति दोनों के बीच में शांति हो, दोनो का विकास हो और संघर्ष की जगह विकास के रास्ते पर त्रिपुरा आगे बढ़े, इसका ध्यान इस समझौते में राजा साहब और आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी तरह से रखा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देशभर में 2 करोड़ 94 लाख घर बनवाए हैं और इसका सबसे ज्यादा लाभ अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को हुआ है, इनमें से 21 प्रतिशत घर अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों को मिले हैं।

## संपादकीय

### देश के लिए गांधी जी का विरोध करने में बाबा साहब संकोच नहीं करते थे

जयप्रकाश चौधरी



भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर अपने अधिकांश समकालीन राजनीतिज्ञों की तुलना में राजनीति के खुरदुरे यथार्थ की ठोस एवं बेहतर समझ रखते थे। नारों एवं । जाति-भेद व छुआछूत के अपमानजनक दंश को उन्होंने केवल देखा-सुना-पढ़ा ही नहीं, अपितु भोगा भी था। तत्कालीन जटिल सामाजिक समस्याओं पर उनकी पैनी निगाह थी। उनके समाधान हेतु वे आजीवन प्रयासरत रहे परंतु उल्लेखनीय है कि उनका समाधान वे परकीय दृष्टि से नहीं, बल्कि भारतीय दृष्टिकोण से करना चाहते थे।

स्वतंत्रता, समानता, भ्रातृत्व पर आधारित समरस समाज की रचना का स्वप्न लेकर वे आजीवन चले। उनकी अग्रणी भूमिका में तैयार किए गए संविधान में उन स्वप्नों की सुंदर छवि देखी जा सकती है। वंचितों-शोषितों-स्त्रियों को न्याय एवं सम्मान दिलाने के लिए किए गए उनके महत कार्य उन्हें महानायकत्व प्रदान करने के लिए पर्याप्त हैं।वे भारत की जड़-जमीन-मिट्टी-हवा-पानी से गहरे जुड़े थ। जिन्होंने 1952 में नेहरू सरकार की यह कहते हुए आलोचना की थी कि उसने सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता के लिए कोई प्रयत्न नहीं किया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि ह्वभारत अपनी महान संसदीय एवं लोकतांत्रिक परंपरा के आधार पर संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा-परिषद का स्वाभाविक दावेदार है। और भारत सरकार को इसके लिए प्रयत्न करना चाहिए। 1953 में तत्कालीन नेहरू सरकार को आगाह करते हुए उन्होंने चेताया कि ह्वचीन तिब्बत पर आधिपत्य स्थापित कर रहा है और भारत उसकी सुरक्षा के लिए कोई पहल नहीं कर रहा है, भविष्य में भारत को उसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगें। तिब्बत पर चीन के कब्जे का उन्होंने बहुत मुखर विरोध किया था और इस मुद्दे को विश्व-मंच पर उठाने के लिए तत्कालीन नेहरू सरकार पर दबाव भी बनाया था। वे नेहरू जी द्वारा कश्मीर के मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र संघ में ले जाने की मुखर आलोचना करते रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है और कोई भी संप्रभु राष्ट्र अपने आंतरिक मामले को स्वयं सुलझाता है, कहीं अन्य लेकर नहीं जाता।

शेख अब्दुल्ला के साथ धारा 370 पर बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ह्वआप चाहते हैं कि कश्मीर का भारत में विलय हो, कश्मीर के नागरिकों को भारत में कहीं भी आने-जाने-बसने का अधिकार हो, पर शेष भारतवासी को कश्मीर में आने-जाने-बसने का अधिकार न मिले। देश के कानून-मंत्री के रूप में मैं देश के साथ ऐसी गद्दारी और विश्वासघात नहीं कर सकता।ह्व नेहरू की सम्मति के बावजूद अब्दुल्ला को उनका यह दोटूक उत्तर उनके साहस एवं देशभक्ति का आदर्श उदाहरण था। जिन्ना द्वारा छेड़े गए पृथकतावादी आंदोलन और द्विराष्ट्रवाद के सिद्धांत को मिले लगभग 90 प्रतिशत मुस्लिमों के व्यापक समर्थन पर उन्होंने कहा ह्यह्यपूरी दुनिया में रह रहे मुसलमानों की एक सामान्य प्रवृत्ति है, कि उनकी निष्ठा अपने राष्ट्र-राज्य (नेशन स्टेट) से अधिक अपने पवित्र स्थानों, पैगंबरों और मजहब के प्रति होती है। मुस्लिम समुदाय राष्ट्रीय समाज के साथ आसानी से घुल-मिल नहीं सकता। वह हमेशा राष्ट्र से पहले अपने मजहब की सोचेगा।

मजहब के प्रति मुस्लिम समाज की कट्टर एवं धर्मांध सोच पर इतनी स्पष्ट एवं मुखर राय रखने वाला व्यक्ति उस समय भारतीय राजनीति में शायद ही कोई और हो। मजहब के आधार पर हुए विभाजन के पश्चात तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व द्वारा मुसलमानों को उनके हिस्से का भूभाग (कुल भूभाग का 35 प्रतिशत) दिए जाने के बावजूद उन्हें भारत में रोके जाने से वे सहमत नहीं थे। उन्होंने इस संदर्भ में गांधी जी को पत्र लिखकर अपना विरोध व्यक्त किया था। आश्चर्य है कि उस समय मुस्लिमों की आबादी भारत की कुल आबादी की लगभग 22 प्रतिशत थी और उस बाइस प्रतिशत में से केवल 14 प्रतिशत मुसलमान ही पाकिस्तान गए। उनमें से आठ प्रतिशत यहीं रह गए। इतनी कम आबादी के लिए अखंड भारत का इतना बड़ा भूभाग देने को अंबेडकर ने मूढ़ता का पर्याय बताने में संकोच नहीं किया था।

# संविधान को बदलने का मतलब है लोकतंत्र को बदलना: लालू प्रसाद



पटना (नवशक्ति)

राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि का संविधान बदलने पर बीजेपी पर करारा हमला बोला भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार संविधान बदलने और समाप्त करने का दावा कर रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री और इनके शीर्ष नेता इन पर कुछ कारवाई करने की बजाय इसके बदले उन्हें ईनाम स्वरूप चुनाव लड़वा रहे है। ये बीजेपी वाले चाहते क्या हैं? इन्हें संविधान, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों और गरीबों से समस्या क्या है? संविधान बदल ये इस देश से समता, स्वतंत्रता, बंधुता, सामाजिक न्याय और आरक्षण खत्म करना चाहते है। ये लोगों को फ़्रर और पूँजीपतियों का गुलाम बनाना चाहते है।

संविधान की तरफ आँख उठाकर भी देखा तो इस देश के दलित, पिछड़ा और गरीब लोग मिलकर इनकी आँख निकाल लेंगे। बार बार संविधान बदलने की बात कर ये क्या साबित करना चाहते हैं? हमारा संविधान बाबा साहब अंबेडकर ने लिखा है, किसी ऐरे गैरे बाबा ने नहीं। लोकतंत्र में यकीन रखने वाले इस देश के न्यायप्रिय, अमनपसंद और दलित-पिछड़े तुम्हें औकात में ला देंगे। तुम कौन होते हो, संविधान बदलने वाले?देश की जनता माफ नहीं करेगी...ये तानाशाही लाना चाहते हैं, संविधान को बदलने का मतलब है लोकतंत्र को बदलना।

# राजनीति का अपराधीकरण करने वालों की गर्मी निकाल दीजिए: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

नवादा (नवशक्ति)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार के नवादा में विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। यहां से भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर के पक्ष में कमल खिलाने की अपील की। एक तरफ सीएम योगी ने विकास कार्यों के बलबूते एनडीए गठबंधन के लिए वोट की अपील की तो दूसरी तरफ कांग्रेस व राजद को खूब धोया। उन्होंने अंधेरगर्दी युग को याद दिलाकर राजद को घेरा तो महापुरुषों का सम्मान करने वाली भाजपा को संकल्पों को भी याद दिलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थानीय भाषा में लोगों का अभिवादन किया। इस अवसर पर नवादा से भाजपा उम्मीदवार विवेक ठाकुर, विधायक अरुणा देवी, एमएलसी निवेदिता सिंह, पूर्व मंत्री पूनम शर्मा, पूर्व विधायक अनिल सिंह, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

**जूझने का जज्बा रखते हैं विवेक ठाकुर** : सीएम ने कहा कि



2022 में मैं विधानसभा चुनाव लड़ रहा था तो विवेक ठाकुर छह महीने-साल भर तक उप्र में कैंप किया था। वहां भाजपा कार्यकताओं का सहयोग कर रहे थे। देश के सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सक, अटल जी के साथ मिलकर देश में एम्स की श्रृंखला बढ़ाने का खाका खींचने वाले पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सीपी ठाकुर के पुत्र विवेक ठाकुर जूझने का जज्बा रखते हैं। सीपी ठाकुर ने कालाजार की समस्या का निदान निकालकर बिहारवासियों को बीमारी से बचाया था, इसलिए उन्हें पद्म पुरस्कार दिया गया था। उनकी योग्यता व क्षमता पर किसी को संदेह नहीं हो सकता। योग्य पिता के योग्य पुत्र सेवा के लिए आपके पास आए हैं।

**राजद और उनके लोग लालटेन युग की तरफ पीछे धकेल रहे : मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ के निशाने पर राष्ट्रीय जनता दल रहा। उन्होंने कहा कि इस बात की गारंटी है कि दिल्ली से पैसा अब सीधे अकाउंट में आता है। विकास कार्यों को गिनाते हुए सीएम योगी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले 10 वर्ष में चार करोड़ गरीबों को मकान मिले हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और मकान बनाएंगे। ईश्वर लालू जी को स्वस्थ करें, वह आबादी बढ़ाएं और भाजपा आवास बनाने का कार्य करेगी। एक तरफ मोदी जी भारत को डिजिटल युग में ले जा रहे हैं तो दूसरी तरफ राजद व उनके लोग लालटेन युग की तरफ पीछे धकेल रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नवादा देश के लोकतंत्र को बचाने वाले स्व. जयप्रकाश बाबू की पावन कर्मभूमि और पूर्व मुख्यमंत्री स्व.कपूर्री ठाकुर की पावन धरा है। बिहार ने देश को सब कुछ दिया। संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बाबू, पूर्व मुख्यमंत्री कृष्ण बाबू इसी जमीं के हैं। कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने कभी जयप्रकाश जी, कपूर्री ठाकुर को सम्मान नहीं दिया, लेकिन पीएम मोदी व भाजपा ने कपूर्री ठाकुर को 'भारत रत्न' देकर बिहार वासियों को सम्मान दिया। इसे लोकतंत्र की प्रारंभिक भूमि के रूप में जाना जाता है। यह देश के इतिहास को बनाने व लोकतंत्र का पाठ पढ़ाने वाली भूमि है। लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट राजनीति का अपराधीकरण, अपराधियों का राजनीतिकरण रहा।

# बिहार में नौकरी देने, जातीय गणना की पॉलिसी में भाजपा थी शामिल, राजद केवल धन उगाही की पॉलिसी में होती है शामिल: सम्राट चौधरी

पटना (नवशक्ति)

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए कहा कि भाजपा अपने संकल्प पत्र को पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी 2014, 2019 में भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया था। 2019 के संकल्प पत्र में 234 संकल्प लिए गये थे, जिसमे पहले 222 पूरे किए गए थे और 223 वाँ के तौर पर सी ए ए पूरा किया गया।

भाजपा मीडिया संवाद में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि संकल्प पत्र में 'ज्ञान' की बात कही गई है, जिसमे चार मजबूत स्तंभ, युवा शक्ति, नारी शक्ति, किसान और गरीब को सशक्त करने की है। संकल्प पत्र में निवेश से लेकर नौकरी तक की बात है।

उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में गरीब का कल्याण प्राथमिकता है। आज 80 करोड़ गरीब लोगों को राशन मुफ्त दिया जा रहा है। यह आगे भी जारी रहेगा। भाजपा के संकल्प पत्र को सरकार की उपलब्धियों को व्यापक अवलोकन बताते हुए कहा कि 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण भी प्रस्तुत करता है। संकल्प पत्र में सामाजिक, आर्थिक विकास करने और विकसित भारत बनाने का संकल्प है और गरीबों की



चिंता करना पहली प्राथमिकता है।

उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि अब तक चार करोड़ गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध करवा दिया गया है। संकल्प पत्र में और तीन करोड़ लोगों को चिन्हित कर पक्का मकान देने की चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि नौकरी के अलावा निवेश की भी बात संकल्प पत्र में कही गयी है। उन्होंने संकल्प पत्र में नारी शक्ति को भी बढ़ाने की बात की गई है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन बिल की भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि बिहार में लोगों को रोजगार के लिए सरकार द्वारा ऋण की व्यवस्था की गई है, जिसमे 10 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए ने 10 लाख लोगों को नौकरी देने का वादा किया गया था, जिसमे से नौकरियां दी जा रही है। 2025 तक यह पूरा कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि 15 साल में राजद की सरकार में 95 हजार लोगों को नौकरी मिली थी। बिहार में जब एनडीए की सरकार में साढ़े 7 लाख नौजवानों को नौकरी दी है। 2020 से 2025 के बीच हमलोग 10 लाख नौकरी देंगे। जब 2025 में हमलोग वोट मांगने आएंगे तो उसके पहले हमलोग 10 लाख नौकरी दे चुके होंगे।

उन्होंने राजद पर युवाओं को बरगलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो राजद के नेता आज नौकरी देने की बात कर रहे हैं उन्हें यह बताना चाहिये उन्होंने अपने विभाग पर्यटन, नगर विकास विभाग, पथ निर्माण विभाग में कितनी नौकरियां दी। उन्होंने कहा कि राजद की पॉलिसी धन उगाही की रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में नौकरी देने ,जातीय गणना की पॉलिसी में भाजपा शामिल थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जो कमिटमेंट करती है, उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा मंडल के साथ भी है तो कमंडल के साथ भी है। भाजपा राम मंदिर निर्माण के लिए भी लगी तो आरक्षण की भी समर्थन है।

# डीएमके और कॉंग्रेस की विचारधारा तमिल संस्कृति के प्रति भीतर तक घृणा से भरी हुई है : प्रधानमंत्री

दिल्ली (नवशक्ति)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आज सोमवार को तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और जनता से भाजपा प्रत्याशियों को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने तमिलनाडु की संस्कृति और राज्य के विकास के लिए भाजपा एवं एनडीए सरकार द्वारा किये गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा की और डीएमके एवं कांग्रेस के भ्रष्टाचार एवं घोटालों पर जोरदार हमला किया। कार्यक्रम में मंच पर कन्याकुमारी से भाजपा प्रत्याशी श्री पी राधाकृष्णन, तिरुनेलवेली से भाजपा प्रत्याशी नयनार नागेंद्रन, विरुधुनगर से भाजपा प्रत्याशी आर राधिका, थुथुकोड़ी से भाजपा प्रत्याशी एसडीआर विजयासीलन और तेनकासी से भाजपा प्रत्याशी श्री जॉन पांड्यन सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि तमिलनाडु की जनता का उत्साह और जनसमर्थन देखकर, द्रमुक और इंडी गठबंधन की नींद उड़ गई है। पूरे तमिलनाडु में फिर एक बार मोदी सरकार की गूंज सुनाई दे रही है। भाजपा ने तमिल नववर्ष के दिन नए भारत के लिए अपने संकल्प-पत्र को जारी किया है। भाजपा के संकल्प पत्र को लोग मोदी की गारंटी कार्ड बता रहे हैं। जिसमें 70 वर्ष से



अधिक उम्र वाले व्यक्तियों को निशुल्क इलाज, किसान समुद्री केंद्र की संख्या बढ़ाने और भारत को फूड प्रोसेससिंग हब बनाने का विजन भी शामिल है। भाजपा ने मछली पालन क्षेत्र के लिए नए उत्पाद और प्रोसेसिंग प्लांट बनाने का भी एलान किया है। भाजपा के संकल्प पत्र में मछुआरे भाई बहनों को सी-वीड और मोती की खेती को प्रोत्साहन देना भी शामिल है। विकसित तमिलनाडु और विकसित भारत का मोदी का संकल्प, आगामी लोकसभा चुनाव का मिशन बन चुका है।

श्री मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में भाजपा सरकर ने तमिलनाडु के विकास के लिए बहुत कार्य किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तिरुनेलवेली और चेन्नई के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाकर इस क्षेत्र के लोगों को सुविधा प्रदान की है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में दक्षिण भारत में भी बुलेट ट्रेन चलाने की घोषणा की है। कई राजनीतिक विश्लेषक यह समझ नहीं पा रहें हैं कि सभी चुनावी सर्वे में तमिलनाडु की माताएं और बहनें मोदी और भाजपा को खूब आशीर्वाद क्यों दे रही हैं। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए बहुत से कल्याणकारी कार्यों को पूरा किया है। भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में 1 करोड़ 25 लाख घरों को नल से जल की सुविधा प्रदान की। पिछले 10 वर्षों में तमिलनाडु में 12 लाख पक्के घरों का निर्माण किया गया, 57 लाख से अधिक शौचालय बनवाए गए और गर्भवती महिलाओं को 800 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि दी गई। मुद्रा योजना के तहत तमिलनाडु के लोगों को करीब 3 लाख करोड़ की सहायता दी गई। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की हैं, उसका लाभ भी तमिलनाडु की माताओं और बहनों को मिलेगा।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि भाजपा तमिल संस्कृति और भाषा से प्रेम करने वाले लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में तमिल भाषा को वैश्विक पहचान दिलाने की गारंटी दी है। भाजपा तमिलनाडु की सांस्कृतिक धरोहरों को भी ग्लोबल टुरिस्ट मैप पर लाने के लिए प्रयासरत रहेगी। भाजपा ने पूरे विश्व में तिरुवल्लूर को सांस्कृतिक केंद्र बनाने का भी संकल्प लिया है। कांग्रेस और डीएमके की विचारधारा तमिल संस्कृति के विरुद्ध घृणा से भरी हुई है। यह सभी तमिल विरासत और तमिल पहचान को खत्म करना चाहते हैं। कांग्रेस और डीएमके ने सेंगोल से लेकर जलिकट्टू तक का विरोध किया है। दक्षिण तमिलनाडु को वीरता और राष्ट्रवाद की धरती कहा जाता है। मर्दू ब्रदर्स हों या वीरा पाण्ड्या, कट्टबोपन्नका हो या वीर मंगल वेलयु नाथयार जी, इन सभी शूरवीरों ने पूरे जीवन विदेशी शासन से लड़ाई लड़ी है। स्वतंत्रता आंदोलन के समय में भी मुत्थु रामलिंगम थेवर जी से प्रभावित होकर बहुत से जवान नेता जी सुभाष चंद्र बोस के आंदोलन से जुड़े थे। देश के लिए लड़ाई लड़ने वाले इन सभी शूरवीरों का सपना था कि भारत एक ऐसा समृद्ध और सशक्त देश बने, जिसका समूचे विश्व में सम्मान हो। आज जब भारत, देश के दुश्मनों को उन्हीं की भाषा में जवाब देता है, तो देश के लिए लड़ने वाले सभी महापुरुषों का सपना पूरा होता है। आज हर देशप्रेमी की पहली पसंद भारतीय जनता पार्टी है।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु का विकास करती है, क्योंकि भाजपा तमिलनाडु की विरासत का सम्मान करती है और उससे प्रेरणा लेती है। भाजपा के प्रेरणा स्त्रोत महान स्वतंत्रता सेनानी वी. ओ. चिदंबरम पिल्लई हैं, जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था, इसीलिए आज भाजपा सरकार भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु तमिलनाडु में डिफेंस कॉरिडोर स्थापित कर रही है। भाजपा के आदर्श के. कामराज जैसे देशभक्त और ईमानदार नेता हैं, इसीलिए भाजपा तमिलनाडु में ईमानदार राजनीति की वकालत करती है। भाजपा तमिलनाडु के युवाओं को आगे बढ़ाती है, लेकिन कांग्रेस और डीएमके जैसी परिवारवादी पार्टियों ने के. कामराज जी का अपमान करने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। भाजपा तमिलनाडु में पूर्व मुख्यमंत्री एम. जी. आर. जैसे नेताओं के सपनों को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है, लेकिन डीएमके ने सदैव एम. जी. आर. की विरासत का भी अपमान किया है। तमिलनाडु की जनता भूली नहीं है कि डीएमके ने सदन में पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता जी का अपमान किया था। एनडीए सरकार ने देवेंद्र कुला वेल्लालर समुदाय की वर्षों से लंबित मांगों को पूरा किया है और नरेन्द्र-देवेन्द्र से बहुत अलग नहीं है।

प्रधानमंत्री जी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि डीएमके और कांग्रेस की मिलीभगत देशविरोधी है।

# देश की जनता खोखले नारे और फौलादी इरादे का फर्क जान चुकी है: प्रदेश अध्यक्ष

**झंझारपुर( नव शक्ति)**

सोमवार को झंझारपुर लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार रामप्रित मंडल के नामांकन समारोह को संबोधित करते हुए बिहार जद(यू0) उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि झंझारपुर का इतिहास गवाह है कि यहाँ के लोग सामाजिक और राजनीतिक न्याय में यकीन रखते हैं, इसलिए मेरा मानना है कि यहाँ की महान जनता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का न्याय के साथ विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास को बखूबी समझते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के 18 वर्षों के कार्यकाल में झंझारपुर समेत सम्पूर्ण बिहार ने विकास के सुनहरे दौर को देखा है तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी आत्मनिर्भर और विकसित भारत का स्वप्न साकार करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए को 400 पार का लक्ष्य हासिल करना है और उस लक्ष्य में बिहार का योगदान सभी 40 लोकसभा सीटों का होगा। 2019 में एक सीट की कसर रह गई थी, इस बार वो भी पूरी हो जाएगी।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2024 का चुनाव देश और दुनिया को ये संदेश देने का काम करेगा कि अब



हम खोखले नारे और फौलादी इरादे का फर्क जान चुके हैं। हम हर उस रुकावट को जड़ से उखाड़ फेकेंगे जो हमारे राज्य और देश की तरक्की के रास्ते में आएगी। उन्होंने कहा कि रामप्रीत मंडल ने सांसद के रूप में ये हमेशा सहज रूप से उपलब्ध रहकर आमलोगों के दुख-दर्द को बांटते रहे हैं। इनकी निष्ठा और सेवाभाव पर शायद ही किसी को कोई संदेह हो। इन्होंने लगातार क्षेत्र की सेवा की है इसीलिए हमें यकीन है कि इस बार भी रिकॉर्ड मतों से विजयी बनेंगे।

उन्होंने कहा कि 2005 से पहले का बिहार कैसा था और आज का बिहार कैसा है। बिहार में एक ओर वे हैं जिन्हें केवल अपने परिवार की चिन्ता है। दूसरी ओर श्री नीतीश कुमार के लिए पूरा बिहार और नरेन्द्र मोदी के लिए पूरा देश ही उनका परिवार है और सेवा ही इनके जीवन का पर्याय है। बिहार में जाति, वर्ग, धर्म, लिंग और क्षेत्र के भेदभाव के बिना विकास के कार्य हो रहे हैं। आधी आबादी के लिए बिहार में जो कार्य हुए, उसका देश और दुनिया में कोई मुकाबला नहीं। बिहार में जातिगत गणना कराना और उसके आंकड़ों के अनुरूप आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75ः करनाः यह असाधारण काम।

# लालू पर सम्राट चौधरी ने कसा तंज, कहा - 5 बेटियों और बहू को न्याय कब : सम्राट चौधरी

**झंझारपुर ( नव शक्ति)**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र के रामपट्टी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जहां मोदी सरकार के विकास कार्यों को गिनवाया वहीं राजद और उसके अध्यक्ष लालू प्रसाद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत आज आगे बढ़ रहा है। 2047 तक भारत को विकसित और सुंदर बनाने के लिए फिर एक बार आपके आशीर्वाद की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने घोषणा की हैं कि संकल्प पत्र में किया गया वादा मोदी की गारंटी है। उन्होंने याद कराते हुए कहा कि 2019 के संकल्प पत्र मे 234 संकल्प लिए गए थे जिसमें से सी ए ए कानून सहित 223 संकल्पों को पूरा का लिया गया। श्री चौधरी ने लालू प्रसाद को निशाने पर लेते हुए कहा कि पहले ये कहा करते थे कि रानी के कोख से राजा नहीं पैदा होगा लेकिन आज राजा बनाने में जुटे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गरीब का बेटा आज सावन में मटन बना रहे हैं और उनके पुत्र हवाई जहाज में जन्मदिन मना रहे हैं और हेलीकॉप्टर में मछली खा रहे हैं, वह भी नवरात्रि में। उन्होंने सवाल किया कि क्या कोई गरीब ऐसा कर सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने परिवारवाद को लेकर घेरते हुए कहा कि उनका आरक्षण परिवार तक सीमित है। अभी तक लालू प्रसाद ने पत्नी और दो बेटे और दो बेटियों को आरक्षण दे चुके हैं लेकिन शेष पांच बेटियों को न्याय कब मिलेगा ।

उन्होंने कहा कि भाजपा उनके पांच बेटियों और बहू को न्याय मिलने तक आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में जातीय गणना और सरकारी शिक्षकों की नौकरी देने का निर्णय एनडीए सरकार में लिया गया था, लेकिन राजद के नेता अब अपनी पीठ ठोंक रहे हैं। उन्होंने लोगों से एनडीए के प्रत्याशी को वोट देकर प्रदेश की सभी 40 सीट जीतवाने की अपील की।

## संक्षिप्त खबर

### चयनकताओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेगे

**जहानाबाद( नव शक्ति) (राय बीरेंद्र)**। जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से टिकट के दावेदारों और टिकट पाने वाले नेताओं की राजनैतिक और सामाजिक हैसियत को समझने की किसी टिकटदाता पार्टी ने कोई जरूरत नहीं समझी। टिकट देने वाले नेताओं ने बस जातीय समीकरण भर कों आधार बनाया और सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर इन टिकट प्राप्तकर्ता नेताओं की निष्क्रियता की अनदेखी करने में पार्टी की भलाई समझी। यद्यपि जहानाबाद क्षेत्र की जनता ने राजनीतिक स्तर पर किए गए इस छल का विरोध किया पर इसका कोई परिणाम नहीं निकला। जनता को यह समझना होगा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए इस प्रकार के निर्णय राजनैतिक दलों की मजबूरी बन चुके हैं।इसे नीचे वर्णित कहानी से समझा जा सकता है। एक समय की बात है, सर्वश्रेष्ठ विषधर चुनने के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए, आवेदनों की जांच में पाया गया कि किसी विषधर ने तो आवेदन किया ही नहीं।अब चयनकताओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा तो करनी थी, किसी न किसी आवेदनकर्ता का चयन करना था। अतः सर्वथा विषहीन सर्प डोंड़ को सर्वश्रेष्ठ विषधर का खिताब दे दिया गया।यह कहानी जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों पर सटीक बैठती है।

### एईएस/जेई से प्रभावित बच्चों को बिना उपचार के रेफर न करें: शशांक शुभंकर

**बिहारशरीफ (नवशक्ति)**। सोमवार को जिलाधिकारी शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में हरदेव भवन सभागार में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वाधान में एईएस /जापानी इंसेफेलाइटिस/ दिमागी बुखार/ चमकी बुखार /लू से बचाव हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि एईएस/जेई से प्रभावित बच्चों को बिना उपचार के रेफर न करें । स्थानीय पीएचसी स्तर पर प्रभावित मरीजों का इलाज हर हाल में सुनिश्चित करेंगे , ताकि रेफर के समय कोई विशेष खतरा न हो सके । निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर मोबाइल नंबर के साथ एंबुलेंस का टैगिंग करें, इलाज में विलंब न करें । एंबुलेंस नहीं मिलने की स्थिति में आवश्यकता अनुसार पीएचसी प्रभारी पदाधिकारी मरीज को निजी वाहन से भेजने हेतु वाहन भाड़ा का भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे । निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों/पीएचसी पर प्रचुर मात्रा में ओआरएस/ पेरासिटामोल की दवा हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे , साथ ही ससमय आवश्यक दवा मरीजों तक उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करेंगे ।आशा /आशा फैसिलिटेटर /एएनएम /सीएच ओ/ इएमटी /आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका/ स्वयं सहायता समूह/ अन्य सरकारी तथा सामाजिक कार्यकताओं के माध्यम से एईएस/जेई से सुरक्षा हेतु ₹चमकी को धमकी ₹ का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए प्रभावित मरीजों तक आसानी से आवश्यक दवा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा/ प्रभारी पदाधिकारी आपदाप्रबंधन/ सिविल सर्जन/ डीपीओ आईसीडीएस/ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी/ सभी सीडीपीओ /सभी पीएससी प्रभारी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे । उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल जमाव /वॉटर लॉगिंग से डेंगू का खतरा बढ़ जाता है, मच्छरों से सुरक्षा हेतु क्षेत्रों में दवा का छिड़काव एवं फॉगिंग करना सुनिश्चित करेंगे ।

### छोटी-छोटी चीजों की जानकारी रख, आग पर हम पा सकते हैं काबू : रविंद्र राम



**राजगीर (नालंदा) (नवशक्ति)**। अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय राजगीर में सोमवार को अग्निशमन विभाग की टीम एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी द्वारा नवोदय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच आग लगी कि घटनाओं से निपटने के लिए डेमो करके बताया गया।

अनुमंडल अग्नि शमन पदाधिकारी रविंद्र राम ने कहा कि अगर किसी को शरीर के कपड़े में आग लगी हो तो भागे नहीं और ना ही हाथों से झारें बल्कि जमीन पर सीधा लेटते हुए आग पर आसानी से काबू पा सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति आग से झुलस गया है उसे अस्पताल कैसे पहुंचा जाए उसे स्ट्रेचर बनाने के लिए बतलाया गया।

रविंद्र राम ने कहा कि घरों में हमेशा गैस रेगुलेटर बंद कर देना चाहिए, समय पर रेगुलेटर पाइप से संबंधित जांच करती रहनी चाहिए ,कभी भी गैस टंकी मे लगी आग को पानी से ना बुझाये, इसे बालू, आटा, मिट्टी या कमल दरी से लपेटकर आग पर आसानी से काबू पा सकते हैं। इसलिए आग लगी की घटनाओं में घबराना नहीं चाहिए बहुत ही आसानी व सूझबूझ से ही छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखते हुए आग पर काबू पा सकते हैं। अग्निशमन पदाधिकारी ने कहा कि आग से निपटने के लिए घरों में फायर गैस यंत्र रखना चाहिए ताकि समय पर काम आ सके। अभी इधर गर्मी काफी पड़ रही है इसलिए सभी लोग घर के आसपास नजर रखनी चाहिए। वही विद्युत विभाग के जेईई विद्यासागर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि अगर घरों में बिजली से आग लगती है तो बिजली की शॉर्ट सर्किट से ही लगती है इसके लिए हमेशा एमसीबी स्विच को ऑफ कर देनी चाहिए कभी भी आग लगी है तो पानी का इस्तेमाल न करें चेंज ओवर एमसीबी स्विच ऑफ कर दे एवं स्थानीय पदाधिकारी को इसकी सूचना तुरंत देनी चाहिए। विद्यासागर ने कहा कि कहीं बिजली की तार गिरी हुई नजर आए तो इसकी सूचना विभाग को दें कभी भी तार को पकड़े या छुए नहीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि कभी भी 200 केवीए ट्रांसफार्मर के आसपास नहीं जाना चाहिए जहां भी रहे अपने आप को संतुलन बनाकर रखे एवं आसपास नजर रखें ताकि कभी भी बिजली के तारों के चपेट में न आए। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष कुमार, शिक्षक मुख्तार, वरीय अग्नि वीर अनिल शर्मा, अग्नि वीर उदय कुमार, प्रशिक्षु अग्नि वीर देवानंद चौहान, अग्नि चालक मुकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार ,मोनिका कमारी, प्रशिक्षु अग्निवीर इमरान आलम, विशाल कुमार दास सहित फायर ब्रिगेड के कर्मचारी लोग शामिल हुए।

# जिला पदाधिकारी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ निर्वाचन कार्य के प्रगति पर समीक्षात्मक बैठक की

**मोतिहारी (नव शक्ति)**

आज जिलाधिकारी के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त,सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ निर्वाचन कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मतपत्र कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आयोग के गाईड लाईन का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे एवं निर्धारित तिथियां के अनुसार जो भी कार्य किए जाने हैं उसे पूर्ण करेंगे ।इस कोषांग के नोडल पदाधिकारी को पोस्टल मतदाता, अब्सेंटी मतदाता एवं प्रपत्र 12 डी की पूर्ण तैयारी कर लेने का निर्देश दिया गया। सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों के कार्यों संबंधी कायादेश निकाल दिया गया है।



बैठक में उपस्थित कुछ जिला स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि प्रखंड स्तर के पदाधिकारी खासकर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी ना तो फोन उठाते हैं और न हीं कॉल बैक करते हैं। इसको जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया कि वैसे सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को चिन्हित करते हुए तत्काल उनसे स्पष्टीकरण किया जाए एवं वरीय कोषागार पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इनसे संबंधित जो मामले आएंगे उनका वेतन तत्काल स्थगित करेंगे।

डीपीओ आईसीडीएस के द्वारा बताया गया कि लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्र वार कम्युनिकेशन प्लान बना लिया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा स्वीप कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, मीडिया कोषांग, विधि व्यवस्था कोषांग, वाहन कोषांग, कार्मिक कोषांग एवं प्रेक्षक प्रबंधन कोषांग के कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई।

# भाजपा नेता लाल बाबू सिंह को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी, थाने में दिया आवेदन

**मोतिहारी ( नव शक्ति)**



नगर के मठिया जीरात निवासी लाल बाबू सिंह जो राष्ट्र सेवा मिशन एव क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ भाजपा नेता है, को विभिन्न मोबाइल नंबरों से जान से मारने की धमकी दी गई साथ-साथ गाली गलौज की गई। लालबाबू सिह ने साइबर क्राइम थाना में आवेदन देकर अपनी जान माल की सुरक्षा की गुहार की है ।आवेदन में उन्होंने लिखा है कि मैं सुगौली क्षेत्र में होने वाले वीर कुंवर सिंह जयंती समारोह की तैयारी हेतु भ्रमण कर रहा था इस बीच मेरे मोबाइल नंबर पर विभिन्न नंबरों से धमकी भरा फोन आया जिसमें मुझे गंदी-गंदी गालियां दी गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने थाना प्रभारी से जान माल की सुरक्षा की गुहार करते हुए संबंधित नंबरों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इस बाबत उन्होंने उस पत्र की कॉपी गृह सचिव बिहार पटना, डीजीपी बिहार पटना ,अपराध अनुसंधान बिहार पटना ,डीआईजी बेतिया पश्चिम चंपारण ,पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण को भी प्रेषित की है।

# नूरसराय के कर्मचारी,सीओं व भू माफिया के मिलीभगत कर खतियान बनाने का मामला डीएम के जनता दरबार पहुंचा

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)**। दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने सोमवार को 19 लोगों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निदान हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए ।



जानकी बिगहा ग्राम के आवेदक अनिल कुमार द्वारा बताया गया कि नूरसराय अंचल के कर्मचारी एवं अंचलाधिकारी और भू माफिया के गठजोड़ के जरिए मेरे नाना की खतियानी एवं खरीदारी जमीन को गलत तरीके से चालू खतियान बना दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा समस्या निवारण हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता, बिहारशरीफ को जांच करने के लिए निर्देशित किया गया है। आवेदक के द्वारा बताया गया कि मेरे रैयती जमीन पर ठेकेदार एवं उनके साथ आए अज्ञात दबंगों द्वारा जबरन मिट्टी भरकर सड़क बना दिया गया है ।जिलाधिकारी द्वारा समस्या निष्पादन हेतु लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नालंदा को निर्देशित किया गया है ।

आवेदक द्वारा बताया गया कि उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा पारित आदेश के आलोक में परवलपुर के ग्रामीण जनता लोग गैरमजरूआ जमीन भूमि गढ्ढे के रूप में दर्ज है, जिसका उपयोग सिंचाई के लिए किया जाता था, वहां के लोगों द्वारा जमीन को भरकर मकान बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा समस्या निष्पादन हेतु प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा नालंदा को निर्देशित किया गया है । अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भेजते हुए समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

# मोदी जी की सरकार संविधान और बाबा साहेब के सपनों को साकार करने वाली सरकार है: विजय कुमार

**पटना ( नव शक्ति)**

बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि संविधान के रास्ते सत्ता में आकर सामंतवादी राजनीति का पोषण करने वाले लोग आज संविधान और बाबा साहेब की दुहाई दे रहे हैं।

श्री सिन्हा ने कहा कि ये वही लोग है जो जनमत को पहले जाति के आधार पर बाँटा फिर उसे अपने परिवार तक सीमित कर दिया, ऐसे लोग समता और भाईचारे की बात कर रहे हैं। जिनके 15 साल के शासन में पूरा बिहार भय, भूख और भ्रष्टाचार से त्रस्त था अब इनको गरीब, वंचित और पिछड़े लोगों की चिंता हो रही है। अपनी पार्टी को वंशवादी तानाशाही का अड्डा बनाने ये लोग आज देश में लोकतंत्र की बात कर रहे हैं।

इनलोगों को पता होना चाहिए कि यह भारतीय जनता और भारतीय



जनता पार्टी के लिए लोकतंत्र केवल व्यवस्था भर नहीं है बल्कि जीवन धारा है । तभी तो एक गरीब और पिछड़े के सपूत हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी देश ही नहीं दुनिया के सबसे चहेते राजनेता बने हैं ।

संविधान और बाबा साहेब के सपनों को साकार करते हुए आज मोदी जी की सरकार ने पिछले 5 वर्षों से 80 करोड़ लोगों को खाद्य सुरक्षा मुहैया कराई है और अगले 5 साल खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण की सुरक्षा देने की गारंटी भी दी है । 4 करोड़ लोगों को आवास मुहैया कराया गया है और अगले 5 वर्षों में अतिरिक्त 3 करोड़ लोगों को आवास देने की गारंटी दी गई है । जिन्हें कोई पूछता नहीं था आज मोदी जी की सरकार उन्हें पूज रही है । 50 करोड़ से अधिक जनधन खाते का खुलना, 11 करोड़ से अधिक शौचालय का निर्माण, 10 करोड़ से अधिक माताओं-बहनों उज्ज्वला योजना के माध्यम से मुफ्त गैस कनेक्शन, 34 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ। ऐसे ही सैकड़ों उदाहरण गिनाए जा सकते हैं जिनसे देश के सबसे पिछड़े और वंचित लोगों को लाभ मिला है ।

नौकरी के नाम पर गरीबों से जमीन की ठगी करने वाले ये लोग वंचित, शोषित लोगों के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं ।

जिन कपूर्री ठाकुर जी को भारतरत्न देकर मोदी जी ने पूरे बिहार और बिहार के वंचितों शोषितों को सम्मान दिया । उन कपूर्री जी को उनके जीवनकाल में अपमानित करने वाले लोगों को आज दलित , वंचित और अतिपिछड़े याद आ रहे हैं । मोदी जी के नेतृत्व और उनकी योजनाओं की धुरी हमारे दलित, पिछड़े और वंचित भाई-बहन आने वाले चुनाव में लोकतंत्र का सहारा लेकर पैदा हुए इन वंशवादी जमींदारों को करारा जवाब देंगे ।

# नालंदा में लोकसभा चुनाव हेतु सात मई से नामांकन होगा शुरूः शशांक शुभंकर

**संजय कुमार**

## रामनवमी जुलूस परमिशन के लिए किसी प्रकार की रोक नहीं है : अशोक मिश्रा

**बिहारशरीफ(नवशक्ति)**। आज सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिलाधिकारी शशांक शुभंकर एवं पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा की संयुक्त अध्यक्षता में ठक्क मीटिंग हॉल में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था एवं अन्य विन्दुओं पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया ।

संवाददाताओं को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 29 नालंदा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सप्तम चरण में चुनाव संपन्न कराए जाने संबंधी विवरणी निम्नवत है :-

अधिसूचना जारी किए जाने की तिथि 7-5 -2024

नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए जाने की अंतिम तिथि 14. 5.2024

नाम निर्देशन पत्र के संवीक्षा की तिथि 15 .5. 2024

अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 17 .5. 2024

मतदान की तिथि 1.6.2024 मतगणना की तिथि 4. 6 .2024 निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर लिए जाने की तिथि 6.6. 2024

नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने हेतु नाजीर रसीद योजना भवन के प्रथम तल पर अवस्थित जिला निर्वाचन शाखा में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किया जाएगाः-

नाम निर्देशन हेतु निर्धारित शुल्क की राशि मो 25000 रूपए ।

अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति हेतु मो 12500 रूपए।

अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन दाखिल करने का स्थल जिला पदाधिकारी का कार्यालय प्रकोष्ठ ।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर निर्वाचन के दौरान सभी राजनीतिक दलों /उम्मीदवारों एवं अन्य संबंधितों द्वारा निर्वाचन के दौरान आम सभाओ/ रैलियां



/जुलूस/ लाउडस्पीक चुनाव प्रचार के दौरान वाहन के प्रयोग एवं हवाई अड्डा/ हेलीपैड आदि के उपयोग की स्वीकृति/ अनुमोदन हेतु ऑनलाइन/ ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु एकल खिड़की व्यवस्था (सिंगल विंडो सिस्टम) आपूर्ति कार्यालय, अनुमंडल कैंपस, बिहार शरीफ में स्थापित किया गया है ।

नालंदा जिला के मतदाताओं /चुनाव कर्मियों एवं राजनीतिक दलों हेतु इलेक्शन साथी एवं चैटवोट एप बनाया जा रहा है, जिसमें मतदाता /मतदान कर्मी एवं अभ्यर्थियों हेतु अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ।

सभी 2364 मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा यथा पेयजल, शौचालय, बिजली, पहुंच पथ आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मे कुल 11 मामले दर्ज किए गए हैं ,

धारा 107 के तहत 13372 नोटिस निर्गत किए गए हैं, बंध पत्र की संख्या 7868 /धारा 110 के तहत निर्गत नोटिस की संख्या 400 , वारंट 255 ,बंध पत्र की संख्या 105 /सीसीए प्रस्ताव की संख्या 151

रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर उन्होंने बताया कि एक जुलूस में अधिकतम 200 लोगों की संख्या होगी, 10 लोगों का पहचान पत्र के साथ परमिशन लेना नितांत आवश्यक होगा ।

उन्होंने बताया कि अभी तक रामनवमी जुलूस के लिए शर्तों के अनुसार सात लाइसेंस निर्गत किया जा चुके हैं, जुलूस परमिशन के लिए किसी प्रकार की रोक नहीं है , जुलूस के लिए अन्य संगठन शर्तों के अनुसार अपना परमिशन ले सकते हैं ।पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त मतदान एवं मतगणना के सफल आयोजन हेतु व्यापक पैमाने पर तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं ।

रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर जुलूस के लिए परमिशन लेना आवश्यक होगा, डीजे पूर्णत प्रतिबंधित रहेंगे, किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा, एक जुलूस के लिए 200 लोगों का परमिशन 10 लोगों का परिचय पत्र के साथ निर्गत किया जा रहा है, शर्तों के अनुसार जुलूस परमिशन के लिए किसी प्रकार का रोक नहीं है ।

प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि जिलेभर में रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है । इस अवसर पर सहायक समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया बंधु उपस्थित थे ।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया : बाबूलाल मरांडी

रांची (नव शक्ति)

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि बीजेपी द्वारा जारी संकल्प पत्र केवल पार्टी का नहीं बल्कि यह देशवासियों को संकल्प पत्र है। पूरे देश ने माना है कि मोदी की गारंटी, गारंटी को पूरा करने की गारंटी है। देश की जनता स्वीकार करती है कि नरेन्द्र मोदी और भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। बात यहां विश्वसनीयता की है। मोदी जी ने जो कहा, सो किया। देश में विपक्षी पाटियां पूरी तरह अविश्वसनीय हो चुकी हैं। मोदी की गारंटी पर जनता को पूरा भरोसा है। संकल्प पत्र के लिए 15 लाख लोगों का सुझाव पूरे देश से आया जिसमें नमो एप से 4 लाख और 10 लाख लोगों ने वीडियो बनाकर सुझाव देने का काम किया। यह अपने आप में बड़ी बात है। श्री मरांडी मारू टावर में प्रदेश स्तरीय मीडिया सेंटर में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

श्री मरांडी ने कहा कि जनसंघ काल से लेकर जो मुद्दे भाजपा ने उठाया, आज जब अवसर मिला तो उन सभी मुद्दों को पार्टी ने पूरा करने का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया है। इसमें काश्मीर से 370 समाप्त करना, राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करना मुख्य रूप से शामिल है। देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है। 2014 से 2019 और 2019 से 2024 यानि दो कार्यकाल के 10 वर्षो में मोदी ने देश व गरीबों के उत्थान के लिए जो काम किया है वह उल्लेखनीय और कल्पना से परे है। कोरोना काल में देश की हालत को याद कीजीए लगता था क्या होगा। 80 करोड़ लोगों को उस समय से 5 किलो अनाज उपलब्ध कराना कोई साधारण बात नहीं है। कोई भी गरीब भूखा नहीं सोएगा, यह मोदी की गारंटी है। संकल्प पत्र में गरीबों को मिलने वाली अनाज को अगले 5 साल मिलने की भी बात कही गई है। गरीबों के भोजन ही नहीं उनके स्वास्थ्य को लेकर भी मोदी सरकार ने गारंटी दिया है। आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख तक मुफ्त इलाज की तो पहले से व्यवस्था है ही अब संकल्प पत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए मुफ्त इलाज की बात कही गई है। प्रधानमंत्री की सोच है कि देश में कोई भी व्यक्ति छत विहीन नहीं हो इसलिए अब तक 4 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराये गये हैं अब संकल्प पत्र में और 3 करोड़ लोगों को आवास देने का उल्लेख किया गया है। किसान और कृषि को लेकर मोदी सरकार द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य तो जगजाहिर हैं ही अब भारत को फूड प्रोसेसिंग हब बनाने का संकल्प मोदी सरकार ने लिया है। इससे किसानों को इसका लाभ मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में रेल, सड़क, हवाई सेवा के साथ मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम बनाये गये। यानि रोजगार के अवसर कहां कहां से सृजित होगा, संकल्प पत्र में इस पर भी ख्याल रखा गया है। युवाओं को लेकर भी संकल्प पत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। पेपर लीक पर लगाम लगाने को लेकर कड़े कानून बनाने की बात कही गई है। साथ ही समयबद्ध और पारदर्शिता के साथ सरकारी भर्तियां जारी रखने का संकल्प दोहराया गया है। स्टार्टअप इकोसिस्टम और फंडिंग का विस्तार, सरकारी खरीद में स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन आदि कई महत्वपूर्ण चीजें युवाओं को लेकर इस पत्र में समाहित है।



बात अगर किसानों की हो तो किसानों को 6000 रुपए मिलता रहेगा। सिंचाई की सुविधा को और बढ़ाई जाएगी। प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी। खाद्य तेल, दाल जो बाहर से मंगाते हैं इस मामले में भारत आत्मनिर्भर बने, इस दिशा में काम करने का संकल्प है। अनुसंधान के क्षेत्र में काफी काम होगा। महिलाओं के कल्याण को लेकर मोदी सरकार सदैव चिंतित रही है। अभी 1 करोड़ लखपति दीदी बनाकर महिलाओं को सशक्त किया गया है। महिलाओं को ग्रुप से जोड़कर 3 करोड महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। इस ग्रुप को उद्योग के साथ जोड़कर कैसे इन महिलाओं का जीवन स्तर और सुदृढ़ किया जाय इस पर काम चल रहा है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर भी सरकार संकल्पित हे। नई रेल लाईन का लगातार निर्माण हो रहा हे। प्रत्येक वर्ष 5000 किलोमीटर नई रेल पटरियां बिछाई जा रही है। रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास की सुविधा देने और बुलेट रेल को सभी दिशाओं से जोड़ने की कवायद जारी है। भाजपा का मूलमंत्र है विकास भी विरासत भी। सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उन्हें विकसित करना संकल्प है। इस क्षेत्र में अयोध्या और काशी प्रमुख नाम है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से प्रेरित होकर धार्मिक और सांसकृतिक स्थलों के विकास के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जाएगी। इसी प्रकार झारखंड में कई सांस्कृतिक धरोहर हैं जिन्हें विकसित और सुरक्षित करना है। मोदी सरकार ने 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। 2025 में बिरसा भगवान की जन्म जयंती का 150 वर्ष पूरा हो रहा है। गौरव दिवस देश भर में गौरव वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। यह दिवस नारों और भाषणों तक ही सीमित नहीं रहेगी बल्कि आदिवासी कल्याण की जितना भी योजनाएं हैं वह धरती पर उतरेंगी। केन्द्र सरकार का प्रयास है कि देश भर में बन रहे 746 एकलव्य विद्यालय 2025 तक पूरा हो जाय। आदिवासी समाज को रोजगार से जोड़ने को लेकर मोदी सरकार द्वारा विस्तृत योजनाएं बनाई जा रही हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम तो मोदी सरकार की प्राथमिकता में है ही। भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने के अलावा उनसे पाई पाई वसूलना मोदी सरकार की गारंटी है।

# स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही अपना मत दे: प्रेम कुमार

पटना (नव शक्ति)



प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वयंसेवक घर घर जाकर लोगो से मतदान करने का अपील कर रहे है ।फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने मतदाताओं से अपील किया है कि अपना मत स्वच्छ छवि के उम्मीदवार को ही दे । अपराधी छवि एवं भरस्टाचार में लिप्त उम्मीदवार का बहिष्कार करें।

आप अपना मत उसे दे जिसे आप जानते एवं पहचानते हो,जो आपके सुख दुख में हाथ बटाता हो , जो सभी जाति और धर्म का सम्मान करता हो, जो अपराध एवं भरस्टाचार में लिप्त न हो, जो कमीशन खोर न हो, जो सरकारी कार्यो को ईमानदारी से कराने की क्षमता रखता हो,जो नशा सेवन नही करता हो, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि समझता हो । आप अपना मत बिना किसी भय, दवाव,लालच के करे । लोकतंत्र के इस महापर्व में आपका वोट ही आपकी ताकत है । जब हम करेगे शतप्रतिशत मतदान तब बनेगा भारत देश महान ।

उन्होंने लोगो से आह्वान किया कि वोट से चोट करे ।वही राजदीप ने मतदाताओं से आह्वान किया कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगो को जागरूक करें । पहले मतदान करें फिर खान पान करे ।अभियान में शिशुपालकुमार , राजीव कुमार, सोनू कुमार,हीरालाल कुमार, ,सुजीत कुमार,गौरव गुप्ता,रवि प्रकाश, हिमांशु शर्मा, विकाश कुमार,सन्नी कुमार , प्रियंका कुमारी, मोना झा, इंशा उजमा,रीता सिंह,दीपक कुमार,आर्यन राज, रागनी जयशवाल समेत दर्जनों फाउंडेशन के स्वयंसेवक जुटे रहे ।

# नालंदा विकास मोर्चा ने अम्बेडकर जयंती को प्रणाम नालंदा के रूप में मनाया

## छोटे मुखिया बोले- कार्यकताओं की आकांक्षाओं के लिए वे अपना पूरा जीवन न्योछावर कर देंगे

बिहारशरीफ (नवशक्ति)




नालंदा विकास मोर्चा की ओर हसे रविवार को नूरसराय के अजयपुर स्थित श्री पटेल एग्रो गोदाम में देश के संविधान निमार्ता बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की १३४वी जयंती पर प्रणाम नालंदा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नालंदा की वर्तमान राजनीति में मोचों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की गई तथा जिला के सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों में मोर्चा को सशक्त बनाने के लिए रणनीति बनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित संकल्प सभा को मोर्चा के अध्यक्ष व नालंदा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी कौशलेन्द्र कुमार उर्फ छोटे मुखिया ने मुख्य रूप से समसामयिक विषय पर सम्बोधित किया। उन्होंने बाबा साहेब को देश का अमूल्य धरोहर बताया तथा कहा कि उनके द्वारा निर्मित संविधान के अनुरूप ही भारतीय लोकतंत्र का वर्तमान स्वरुप है। उन्होंने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए आसन्न लोकसभा चुनाव २०२४ पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वे हमेशा कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते रहे हैं और कभी भी उनकी भावनाओं को ठेस पहुँचने नहीं देंगे। उन्होंने संकल्पित स्वर में कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ताओं की जो आकांक्षा है उसके लिए वे अपना पूरा जीवन न्योछावर कर देंगे।

जिला के विभिन्न भागों से आये हुए मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व अन्य शुभचिंतकों ने छोटे मुखिया से लोकसभा चुनाव लड़ने का अनुरोध किया। इसके आलोक में नालंदा विकास मोर्चा के कार्यकर्ता १५ दिनों के भीतर सभी सातों विधानसभा क्षेत्रों की जनता से फीडबैक लेंगे। तब मोर्चा नालंदा लोकसभा चुनाव के बारे में ठोस रणनीति की घोषणा अगली बैठक में करेगा।

इस अवसर पर अगले वर्ष नालंदा जिला के सभी सातों विधानसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव में अपना प्रत्याशी लड़ाने तथा मोर्चा को और सशक्त बनाने के लिए संयोजक और सह-संयोजक बनाने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में छोटे मुखिया ने भोभी-मदारपुर के निवासी शिशुपाल भारती उर्फ सोनू को हिलसा विधानसभा क्षेत्र का संयोजक नियुक्त किया।

## संक्षिप्त खबर

### जमीन विवाद में बाप-बेटे को गोली मारी, पिता घायल, पुत्र की मौत

**आरा/सहार।** भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र अन्तर्गत पेरहाप गांव में सोमवार की रात हथियार बंद बदमाशों ने पिता-पुत्र को गोली मार दी। जिसमें पुत्र की मौत हो गई। मृतक 20 वर्षीय आदित्य कुमार पेरहाप गांव निवासी कमलेश राय के पुत्र थे। इंटर के छात्र थे। मृतक को सीने व पेट के के अलावा हाथ के पास तीन-चार गोली लगी है। हमले में घायल 50 वर्षीय पिता कमलेश राय को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता को बाएं साइड पंजरी,एक गोली दाएं साइड गोली लगी है और घटना रात नौ बजे के आसपास की है। इधर, पीरो डीएसपी राहुल सिंह ने बताया कि हमला करने का आरोप पड़ोस के ही गोतिया के कुछ लोगों पर है। भूमि विवाद में घटना घटित हुई है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। सोमवार की रात पिता कमलेश राय व पुत्र अभिषेक कुमार के घर के बरामदे में बैठे हुए थे कि उसी दौरान सात-आठ की संख्या में आए हथियार बंद आरोपितों ने पिता व पुत्र को गोली मार दी। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल,आरा लाया जा रहा था कि रास्ते में पुत्र अभिषेक की मौत हो गई। वारदात की सूचना पर सहार थानाध्यक्ष दीपक कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच जांच- पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक के पिता जमीन संबंधी कारोबार करते है। मृतक घर का इकलौता चिराग था। परिवार में मां चंदा देवी ण्कक बहन आरती देवी है।

### रामनवमी पर पुलिस प्रशासन अलर्ट, तैयारियां पूरी, कई जिलों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात



**पटना।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से दो दिन पहले रामनवमी का उत्सव है। पिछले साल रामनवमी के दौरान बिहार के सासाराम, नालंदा जैसे जिलों में उपद्रव हुआ था। ऐसे में इस बार पुलिस-प्रशासन ने विशेष तौर पर सभी जिलों को अलर्ट करते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए पटना समेत आधा दर्जन से अधिक जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। रामनवमी जुलूस के रूट को चिह्नित कर वहां मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस मुख्यालय ने रामनवमी पर विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पटना, नालंदा, नवादा, भागलपुर, दरभंगा, मोतिहारी आदि जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल मुहैया कराया है। रामनवमी जुलूस के लिए लाइसेंस अनिवार्य किया गया है। लाइसेंस में आयोजन समिति के सदस्यों के नाम दर्ज करने हैं, जो विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे। रामनवमी जुलूस की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी और इसके अलावा जुलूस के लिए रूट भी तय होगा। इस रूट पर संवेदनशील जगहों को चिह्नित कर पुलिस पदाधिकारियों करने का निर्देश है। जुलूस की थानास्तर पर मॉनिटरिंग करने को कहा गया है। आपात स्थिति से निबटने के लिए क्विक रिस्पांस टीम को भी तैयार रखने की सलाह दी गई है। रामनवमी पर इंटरनेट मीडिया पर भी विशेष निगरानी होगी। फेसबुक, एक्स, यूट्यूब जैसे इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। अफवाहों से भी सतर्क रहने को कहा गया है। किसी भी तरह के भड़काऊ पोस्ट को इंटरनेट मीडिया से हटाने के साथ पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# उप मुखिया के उप-चुनाव में संतोष कुमार हुए निर्वाचित



**थरथरी (नालंदा) (नवशक्ति)।** थरथरी प्रखण्ड के अस्ता पंचायत में उप मुखिया के लिए हुए उप-चुनाव में संतोष कुमार निर्वाचित घोषित हुए।

निवार्ची अधिकारी सह प्रखंड विकास अधिकारी गौरी कुमारी ने उन्हें इसका प्रमाण पत्र दिया। संतोष कुमार को दस मत मिले। जबकि निकटम प्रतिद्वंदी गीता देवी को आठ मत प्राप्त हुए। जब एक वोट रद्द कर दिया गया ।कुल 18 वार्ड है मुखिया लगाकर कुल 19 मत पड़ा ।शनिवार सुबह ग्यारह बजे से पुरानी अस्पताल भवन में मतदान एवं मतगणना हुई। उप मुखिया दीजिया देवी की सरकार को गिरा दिया गया था। इस उप चुनाव में दीजिया देवी खड़ी नही हुई थी। चुनाव कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव कराया गया।

# बाजू में है स्कूल फिर भी मुनिया पढ़ने जाएगी तीन कोस दूर!

बांका (नव शक्ति)



आठवीं पास कर चुके विद्यार्थियों का 9वीं के वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एक अप्रैल से नामांकन जारी है। मगर इस बार सरकार ने फर्जी छात्रों को रोकने के साथ-साथ छात्रों की सुविधा के अनुसार उसी पंचायत में नामांकन करने का निर्देश दिया है जिस पंचायत में बच्चे आठवीं में पढ़ रहे थे। सरकार का दावा है कि जिले के हर पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय को सारी सुविधाओं से लैस किया जा चुका है। जहां कुछ कमी है उसे अभिलंब पूरा करने का निर्देश भी दिया गया है। मगर सरकार द्वारा सुविधा के नाम पर पंचायत के विद्यालय में ही नामांकन करने की पाबंदी कई छात्र-छात्राओं के लिए परेशानी का सबक बन गया है। लकरामा पंचायत के महोलियावरण गांव की छात्रा खुशी कुमारी ने बताया कि वो घर से दो सौ मीटर दूर चरखा पाथर मध्य विद्यालय में आठवीं पास की है। वो जयपुर उच्च विद्यालय में नामांकन कराना चाहती है जो उनके घर से महज दो सौ मीटर दूरी पर है। अब खुशी इस बात को लेकर नाराज हो गई है कि उसे अब अपने पंचायत के उच्च विद्यालय केरवार में पढ़ने के लिए आठ किमी दूर साइकिल चला कर रोज पढ़ने जाना होगा। ये एक छात्र की समस्या बानगी भर है। तेतरिया की ज्योति कुमारी व बाघमारी गांव की बीणा कुमारी, तेलियाडीह कि शिवानी कुमारी व वर्षा कुमारी ने बताया कि वो कैलाश मिश्र उच्च विद्यालय जयपुर में पढ़ना चाहती है। यह विद्यालय उसके घर के काफी करीब है। वो 8 किसी दूर सुनसान राहों में चलकर अपने पंचायत के विद्यालय केरवार में नहीं पढ़ना चाहती है। इस पंचायत के कई छात्र भी हैं जो अपने घर से नजदीकी विद्यालय में पढ़ना चाहते हैं। तितलाखो गांव के कुंदन कुमार यादव,महोलियावरण अमन मांझी, सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं हैं जिनके साथ यह समस्याएं पढ़ाई के क्षेत्र में बाधा बन रही है।

सरकार ने मांगी रिपोर्ट कितने विद्यार्थियों के साथ है परेशानी : सरकारी विद्यालयों में अब फर्जी छात्रों की कोई गुंजाइश नहीं रही है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने पत्र जारी कर इस संबंध में कुल 11 बिंदुओं पर विशेष जोर देते हुए नामांकन प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया है। जिसमें छात्रों की सुविधा को देखते हुए अपने पंचायत के विद्यालय में ही नामांकन पर विशेष जोर दिया गया है। मगर बांका जिला के कई प्रखंडों में भौगोलिक स्थिति के कारण यह आदेश कई विद्यार्थियों के लिए परेशानी का सबक बन गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि इन समस्याओं पर सरकार ने रिपोर्ट मांगी है। सभी मध्य विद्यालय के शिक्षकों से ऐसे बच्चों की सूची तलब की गई है। निकटतम विद्यालय में नामांकन पर सरकार विचार कर आवश्यक निर्देश देगी।

# पन्ना प्रमुख अपने 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान के लिये प्रेरित करें : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

रांची (नव शक्ति)

आज भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों की बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय सभागार में 12:15 बजे से आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 में किसान मोर्चा के कार्यकताओं के आगामी भूमिका पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अब शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर किसान मोर्चा के कार्यकताओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर पार्टी के अन्य कार्यकताओं से जुड़कर घर-घर जाने का काम करें एवं मतदाताओं से मोदी सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुये पार्टी के पक्ष में मतदान का आग्रह करें। आगे उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पन्ना प्रमुख अपने पन्ना अंतर्गत आने वाले 60 मतदाताओं से संवाद स्थापित कर उनमें से ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित करें। वहीं क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने भी सभी से स्थानीय स्तर पर संपर्क संवाद बढ़ाने की बात कही एवं तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार बनाने में सभी को अपना योगदान देने की बात कही।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मोर्चा की ओर से बनाये गये लोकसभा के प्रभारी सभी विधानसभा में मंडलों की कार्यकारिणी की बैठक करने, गावों में किसानों के साथ बैठक करने, लाभार्थियों के साथ बैठक कर उनके लिये मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताने की बात कही। आगे उन्होनें सभी को प्रभावी किसानों की सूची बनाकर उनका सम्मेलन एवं किसान सभा आयोजित कर मोदी सरकार की देशहित एवं जनहित में किये गये कार्यों को बताने का टास्क दिया।




साथ ही उन्होने मोर्चा के कार्यकताओं से मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर भी सहयोग करने की बात कही जिससे हर बूथ पर पार्टी के लिये 370 वोट बढ़ाने में मदद मिल सके। प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहु ने सभी लोकसभा प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में प्रवास में लग जाने की बात कही एवं संगठन के निदेर्शानुसार विधानसभा, मंडल एवं बूथ स्तर पर सभी से अपनी भुमिका सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही मोर्चा के सभी कार्यकताओं से स्थानीय स्तर पर भी सहयोग कर अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने में अपना योगदान की बात कही। बैठक को मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव ने सम्बोधित किया।

बैठक का संचालन महामंत्री अर्जुन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय मुंडा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अमरनाथ चौधरी, मुकेश शुक्ला, ललित ओझा,राजेश सिंह, राजेश कुशवाहा, प्रभात कुमार सिंह, सुरेंद्र मोदी, विक्रांत उपाध्याय, अजय दूबे, रंजीत कुमार राय, सुरेंद्र मंडल, वैभव कुमार सिंह, वृंद कुमार साहू, विशाल साहू, लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, कामेश्वर महतो, निवारण प्रसाद महतो, अवधेश दूबे, जीतेन्द्र तिवारी, सफदर अली, उमेश प्रमाणिक, राजीव शाहदेव, अंचल तिवारी सभी पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष लोक सभा एवं विधानसभा प्रभारी उपस्थित रहे।

नवशक्ति डिजिटल न्यूज पेपर में प्रकाशित सामग्री को मौलिक समझकर छापा जाता है। अतः कॉपीराइट संबंधी कोई कार्रवाई संपादक, प्रकाशन एवं मुदक पर नहीं की जा सकती है। दावा करने वाले रचनाकार और चित्रकार से संपर्क करें। समस्त विवादों का निपटारा पटना उच्च न्यायालय क्षेत्रान्तर्गत होगा।
प्रधान कार्यालयः कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़ पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना-800023 संपादक प्रकाशक - मुद्रक एवं स्वामीः जयप्रकाश चौधरी, कृष्णा मार्केट, पहला तल्ला, निकट हडताली मोड़, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना द्वारा एसेन कम्प्यूटर, डा.एनी बेसेन्ट रोड, पटना-4 से मुद्रित। सम्पर्क नम्बरः 9473032029, 9939472461 ईमेल- navshakti2010@gmail.com RNI- BIHHIN/2012/43368